बी एच ई एल BHEL

# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
**Bharat Heavy Electricals Ltd.**

हेवी इक्विपमेन्ट रिपेयर प्लान्ट / Heavy Equipment Repair Plant
तरना, शिवपुर, वाराणसी / Tarna, Shivpur, Varanasi

G20 भारत 2023 INDIA वसुधैव कुटुम्बकम् ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

संदर्भ सं:मा.सं/टेक्नी. अप्रेंटिस /2023-24 दिनांक : 29.03.2023

## परिपत्र

**विषय: बी.एच.ई.एल, एच.ई.आर.पी, वाराणसी में टेक्नीशियन अप्रेंटिसशिप-मई 2023-24 हेतु आवेदन के संदर्भ में**

बी.एच.ई.एल. एचईआरपी, वाराणसी में अप्रेंटिसशिप अधिनियम 1961 के तहत वर्ष **2023-24** के लिए निम्नलिखित ब्रांच (Branches) में डिप्लोमाधारी (Diploma Holder) अभ्यर्थियों से 01 वर्ष के लिए टेक्नीशियन अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं ।

| क्र.स. | ब्रांच | रिक्तियां | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | मैकेनिकल | 2 | **मान्यता प्राप्त संस्थान से हाई स्कूल उत्तीर्ण तथा संबंधित ब्रांच में नियमित अभ्यर्थी के रूप में मई 2020 या इसके बाद सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम 65% अंकों के साथ तथा अनु. जाति/अनु. जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम 60% अंकों के साथ डिप्लोमा (Diploma) उत्तीर्ण ।** |
| 2 | सिविल | 2 | |
| 3 | इलेक्ट्रॉनिक्स | 1 | |
| कुल रिक्तियां | | 5* | |

****नोट:*** *उपर्युक्त रिक्तियों की संख्या अनुमानित है तथा अंतिम आकलन के आधार पर इनमें परिवर्तन भी संभव है ।*

(क) **आयु सीमा (01.05.2023 के अनुसार):** सभी वर्गों के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष है। सामान्य/ ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 27 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) के लिए अधिकतम 30 वर्ष तथा अनु. जाति/अनु. जनजाति के लिए 32 वर्ष है। 40% या उससे अधिक शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों (अस्थि बाधित/श्रवण बाधित/ दृष्टि बाधित) को अपने वर्ग मे अधिकतम आयु सीमा मे 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी।

**आरक्षण:**:

| अनारक्षित (UR) | अन्य पिछ्डा वर्ग (OBC) (नॉन क्रीमी लेयर) | अनुसूचित जाति (SC) | कुल (Total) |
|---|---|---|---|
| 03 | 01 | 01 | 05 |

I) शारीरिक विकलांग आवेदकों ( जिनकी न्यूनतम विकलांगता 40% हो ) हेतु 3% आरक्षण क्षैतिज आधार पर है। आरक्षण एवं छूट प्राप्त करने हेतु आवेदकों द्वारा प्राधिकृत अधिकारी अथवा जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी विकलांगता का प्रमाणपत्र जमा करना आवश्यक है।

ii) बी.एच.ई.एल. एचईआरपी, वाराणसी के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) के आश्रितों के लिए आरक्षण कंपनी के नियमानुसार किया जाएगा।

ख) **चयन प्रक्रिया:** प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थियों का चयन योग्य उम्मीदवारों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार वरीयता सूची **(Merit List)** के अनुसार किया जाएगा । यदि किसी ब्रांच **(branch)** में योग्य उम्मीदवारों की संख्या रिक्तियों की संख्या से कम या बराबर होती है तो सभी योग्य उम्मीदवारों को सीधे तौर पर प्रशिक्षण के लिए बुलाया जाएगा।

*लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक समान होने की दशा में डिप्लोमा में अधिक प्रतिशत प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को पहली वरीयता और उसके बाद उम्र में वरिष्ठ अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी ।*

ग) **स्वास्थ्य:** आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पूर्व दिये गए प्रारूप पर सक्षम चिकित्साधिकारी (कंपनी द्वारा अधिकृत राजकीय अस्पताल, वाराणसी) द्वारा प्रमाणित चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों की नियुक्ति अप्रेंटिस एक्ट, 1961 और उसके उपरांत 1971, 1986, 2014 व 2015 में हुए संशोधन द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरने पर निर्भर करती है।

घ) केवल वे अभ्यर्थी ही इस अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के पात्र होंगे, जिन्होने डिप्लोमा उत्तीर्ण करने के पश्चात एक वर्ष या इससे अधिक नौकरी नहीं किया है तथा न ही अप्रेंटिसशिप अधिनियम 1961 व उसमें समय-समय पर संशोधन के तहत कहीं से अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त किया है। साथ ही अभ्यर्थी किसी पाठ्यक्रम हेतु कोई नियमित कोर्स न कर रहा हो ।

ङ) **वृत्तिका :** टेक़्नीशियन अप्रेंटिस को एक वर्ष के लिए सामेकित वृत्तिका (Stipend) ₹ 8000/- प्रति माह देय होगा ।

**आवेदन करने की प्रक्रिया:**

अभ्यर्थियों को **MHRDNATS** पोर्टल **(https://portal.mhrdnats.gov.in)** पर पंजीकरण करना तथा अपनी प्रोफाइल पूर्ण करना अनिवार्य है। पंजीकरण करने के लिए दिये गए ई-मेल एवं मोबाइल संख्या वैध होना अनिवार्य है, क्योंकि पंजीकरण से लेकर पूरे प्रशिक्षण के दौरान सारे संचार ई-मेल/वेबसाईट/एसएमएस के द्वारा ही किए जाएंगे। Portal पर पंजीकरण करने के उपरांत प्राप्त 16 अंकों की पंजीकरण संख्या (Registration No.) को नोट करके रखें। पंजीकरण के पश्चात उक्त पोर्टल द्वारा प्राप्त पंजीकरण संख्या / Enrolment No. को आवेदन फॉर्म में अनिवार्य रूप से अंकित करना होगा।

आवेदन पत्र को पूर्णतया भरने के उपरांत अपने निम्न दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति **(self-attested)** पावती पत्र **(Acknowledgement Slip)** के साथ संलग्न करके लिफाफे में डाल कर एवं उसके ऊपर **"टेक़्नीशियन अप्रेंटिस प्रशिक्षण मई 2023 बैच हेतु आवेदन पत्र"** लिख कर **दिनांक 18.04.2023 (शाम 05:00 बजे तक)** दिए गए पते पर व्यक्तिगत रूप से/डाक द्वारा जमा करना होगा।

(क) पोर्टल पर पंजीकरण उपरांत प्राप्त MHRD ENROLMENT NO. संबंधी साक्ष्य (प्रोफाइल की प्रति) ।

(ख) हाईस्कूल प्रमाण पत्र।

(ग) अंतिम रूप से प्राप्त डिप्लोमा अंकपत्र या सभी सेमेस्टर के अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र (यदि किसी आवेदक के डिप्लोमा अंकपत्र में CGPA/OGPA/DGPA/CPI अंक दर्शाया गया हो तो % अंक में परिवर्तित करने का फॉर्मुला सम्बंधी साक्ष्य प्रति लगाना अनिवार्य है)।

(घ) आधार कार्ड ।

(ङ) जाति प्रमाण पत्र / ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) ।

(च) दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो) ।

(छ) उत्तर प्रदेश का मूल निवास प्रमाण पत्र (Domicile Certificate)

*अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन पत्र में अपना पूर्ण विवरण जैसे नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, जाति, हाई स्कूल एवं डिप्लोमा अंक इत्यादि बिल्कुल सही भरें क्योंकि चयन हेतु भरे गए विवरण को आधार माना जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी फॉर्म भरने में कोई गलती करता है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की ही होगी।*

**आवेदन पत्र भेजने के लिए पता**
सेवा में,
अपर महाप्रबंधक (मा.सं)
बीएचईएल, एचईआरपी, तरना, शिवपुर
वाराणसी – 221003

1. **महत्त्वपूर्ण निर्देश**

i. प्रशिक्षण अवधि बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (BOAT) कानपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एक वर्ष की होगी ।

ii. लिखित परीक्षा के लिए चयनित **(shortlisted)** नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से किसी प्रकार का कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

iii. वे अभ्यर्थी जिन्होने डिप्लोमा (Diploma) व्यक्तिगत अभ्यर्थी (as a private candidate)/पार्ट टाइम/पत्राचार द्वारा/ डिस्टेंस एजुकेशन के रूप में किया है, वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं हैं ।

iv. वे अभ्यर्थी जिन्हें डिप्लोमा (Diploma) का परीक्षाफल/अंकपत्र बोर्ड द्वारा प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन करने के पात्र नहीं हैं ।

v. अन्य पिछडा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों का दिनांक 01.04.2020 से पुराना जाति प्रमाण पत्र (OBC Certificate) या जिस जाति प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी है, मान्य नहीं होगा । **जाति प्रमाण पत्र (OBC Certificate) भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में ही होना अनिवार्य है**

vi. अभ्यर्थियों के पास आधार कार्ड होना अनिवार्य है ।

***नोट :*** *आमंत्रित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता /दैनिक भत्ता देय नहीं होगा ।*

2. **सामान्य निर्देश :**

1. अंतिम तिथि के बाद किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकार्य होंगे।
2. आवेदन से संबंधित किसी भी पूछताछ के लिए दूरभाष संख्या 05422720917/902/904 पर सभी कार्य दिवस पर (सोमवार से शनिवार), अपराह्न 2:00 बजे से 4:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।
3. इस कार्यक्रम में निर्धारित तिथि एवं समय के अन्दर प्राप्त सभी आवेदन पत्रों की समीक्षा के उपरांत लिखित परीक्षा हेतु योग्य अभ्यर्थियों की सूची तथा परीक्षा का विवरण एवं अन्य सम्बंधित निर्देश बीएचईएल, एचईआरपी, वाराणसी के वेबसाइट https://herp.bhel.com/ पर अपलोड किया जाएगा। **उपरोक्त परीक्षा से संबंधित कोई भी सूचना, अन्य किसी माध्यम से उपलब्ध नही करायी जाएगी|**
4. अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु निर्धारित अनिवार्य योग्यता धारण करते हैं। यदि चयन प्रक्रिया के दौरान अथवा चयनोपरांत यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्हताओं को पूर्ण नहीं करते हैं अथवा आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्य, संलग्न दस्तावेज़ सत्य एवं सही नहीं हैं तो आवेदक की उम्मीदवारी किसी भी समय बिना किसी कारण बताए निरस्त की जा सकती है।
5. प्रबंधन के पास बिना कोई कारण बताए चयन प्रक्रिया में संशोधन/पुनर्निर्धारण /निरस्त /निलंबन करने का अधिकार है। प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. इस परिपत्र के फलस्वरूप अथवा परिपत्र के संदर्भ में आवेदन के फलस्वरूप उत्पन्न किसी दावे या विवाद के लिए प्रार्थना पत्र देने की प्रक्रिया केवल वाराणसी में स्थित न्यायलय के क्षेत्राधिकार में होगा|
7. चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से कोई भी पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।
8. प्रशिक्षण के उपरांत बी.एच.ई.एल. वाराणसी किसी भी अभ्यर्थी को रोजगार देने के लिए बाध्य नहीं होगा और न ही इस संबंध में कोई विचार किया जाएगा।
9. इस प्रक्रिया से संबंधित कोई भी शुद्धि/परिवर्तन/अपडेट केवल बीएचईएल, एचईआरपी, वाराणसी के वेबसाइट https://herp.bhel.com/ पर उपलब्ध होगा। अलग से कोई भी सूचना किसी भी समाचार पत्र या किसी अन्य माध्यम से नहीं दी जाएगी।
10. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अंतिम चयन तक, चयन प्रक्रिया से संबंधित अद्यतन (Latest) जानकारी के लिए उपरोक्त वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।
11. लिखित परीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थी https://herp.bhel.com/ साईट से अपना प्रवेश पत्र दिनांक-25.04.2023, शायं 05.00 बजे से डाउनलोड कर सकते है|

3. **महत्वपूर्ण तिथियाँ (संभावित):**

| | |
|---|---|
| (क) भेल कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्ति/ जमा करने की अंतिम तिथि | : 18.04.2023 (शाम 05:00 बजे तक) |
| (ख) लिखित परीक्षा हेतु योग्य अभ्यर्थियों की सूची की घोषणा | : 25.04.2023 (शाम 05:00 बजे के बाद) |
| (ग) योग्य अभ्यर्थियों हेतु लिखित परीक्षा की तिथि | : 02.05.2023 (प्रातः 10 बजे) |
| (घ) परिणाम घोषणा करने की तिथि | : 05.05.2023 (शाम 05:00 बजे के बाद) |
| (ङ) चयनित अभ्यर्थियों के मेडिकल टेस्ट हेतु रिपोर्टिंग | : 08.05.2023/09.05.2023 (सुबह 10:00 बजे) |

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है|

तन्मय 29.3.2023

**(तन्मय कुमार दास)**
**अपर महाप्रबंधक (मा.सं)**

**वितरण :**

1. असिस्टेंट अप्रेंटिसशिप एडवाइजर, RDAT, कानपुर
2. जिला सेवा योजन अधिकारी – सादर सूचनार्थ एवं व्यापक प्रसार – प्रचार हेतु
3. समस्त सूचना पट्ट
4. एचईआरपी वेबसाइट

**प्रतिलिपि :**

1. महाप्रबंधक, एचईआरपी, वाराणसी - सादर सूचनार्थ